तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि

# मध्यांचल भूमि

रायपुर, सोमवार 2 फरवरी 2026



05 ज्ञान विज्ञान विद्यालय में 22वीं वर्षगांठ पर हुआ ...



06 केवतरा में शिव महापुराण कथा में उमड़ा श्रद्धा और भक्ति...






## खबर संक्षेप



### जिले के 6520 अभ्यर्थियों ने दी सीजी टेट, 500 रहे अनुपस्थित

**बलौदाबाजार** | छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा 1 फ़रवरी को आयोजित छत्तीसगढ़ टीचर्स एलिजिबिलिटी टेस्ट में जिले के 6520 अभ्यर्थी शामिल हुए। इस परीक्षा में 500 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। सभी केंद्रों में परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न हुईं। परीक्षा के नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर अरुण सोनकर ने बताया कि प्रथम पाली में 9 एवं द्वितीय पाली में 14 केंद्र बनाए गए थे। प्रथम पाली प्राथमिक शिक्षक हेतु प्रातः 9:30 से अपरान्ह 12:15 बजे सम्पन्न हुईं जिसमें 2708 पंजीयन के विरुद्ध 2484 उपस्थित एवं 224 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली मिडिल स्कूल हेतु अपरान्ह 3 बजे से अपरान्ह 5:45 बजे तक आयोजित परीक्षा में 4312 अभ्यर्थी पंजीयन के विरुद्ध 4036 उपस्थित एवं 276 अनुपस्थित रहे।

### डांस देख रहे युवक के साथ मारपीट

**महासमुंद**। नयापारा में आयोजित डांस प्रतियोगिता के दौरान एक युवक के साथ मारपीट करने के मामले में चार लोगों के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस के अनुसार आर्यन तिवारी (करीबन 22 वर्ष) 27 जनवरी की रात 09 बजे शिव मंदिर के पास मोहल्ले में हो रहे डांस प्रतियोगिता को देखने के लिये गया था। किशन यादव, बैसाखू यादव, पप्पू यादव व मयंक मानिकपुरी ने साथ आर्यन तिवारी को देखकर पुरानी रंजिश एवं पुलिस की मुखबिरी करते हो कहकर विवाद करते हुए गाली गलौज कर मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### मोटर पंप को लेकर मारपीट

**महासमुंद**। ग्राम अठारहगुड़ी में पुराने पंप को लेकर मारपीट के मामले में पिथौरा थाने में आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को शिवबती डडसेना ने बताया कि करीब 15 साल पहले उन्होंने अपने घर में बोर खुदवाया था और सैंपल के लिए जितेंद्र डडसेना से उसके मोटर पंप को मांगा था। इसके बाद नया मोटर पंप लेने के बाद उसके पुराने मोटर पंप को वापस कर दिया था। 31 जनवरी की सुबह करीबन 07 बजे गांव का जितेंद्र डडसेना उसके घर आया और अपने मोटर पंप को वापस मांगा, जिस पर प्रार्थिया ने कहा क तुम्हारे मोटर पंप को हम लोग 15 साल पहले दे चुके है। यह सुनकर आरोपी गाली गलौज करने लगा।





**माघी मेला : माघी पूर्णिमा स्नान के साथ छत्तीसगढ़ राज्य के सबसे बड़े मेले का शुभारंभ**

# माघी पूर्णिमा पर शिवरीनारायण में आस्था का महासंगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधौरी

शिवरीनारायण न केवल छत्तीसगढ़ राज्य का अपितु संपूर्ण भारतवर्ष के सबसे प्राचीनतम तीर्थ स्थलों में से एक है। कहा जाता है कि भगवान श्री रामचंद्र जी अपने अनुज लक्ष्मण जी सहित माता सीता की खोज करते हुए इस स्थान से गुजरे थे। अर्थात यह त्रेता युग की घटना है, कथन का तात्पर्य यह है कि इसके पूर्व भी यहां कोई ना कोई बस्ती रहा होगा, जहां भगवान ठहरे थे। इसे माता शबरी की पुण्य धरा होने का भी गौरव प्राप्त है।

इस नगर का नाम भक्त और भगवान के नाम पर सबरी नारायण पड़ा जिसे वर्तमान में लोग शिवरीनारायण के रूप में याद करते हैं। जिस स्थान पर स्वयं परमात्मा रण धुली पड़ा हो उस स्थान की महिमा को शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता। यहां केवल दर्शन मात्र से जीवात्मा को मोक्ष की प्राप्ति हो जाती है। गोस्वामी तुलसीदास जी महाराज ने श्री रामचरितमानस में लिखा है कि - सन्मुख होई जीव मोहि जबहिं । जन्म कोटि अघ नासहिं तबाहिं। माघी पूर्णिमा के अवसर पर भगवान श्री जगन्नाथ जी अपने मूल स्थान शिवरीनारायण पधारते हैं, इसलिए आज के दिन लोग भगवान की एक झलक दर्शन प्राप्त करने के लिए लालायित रहते हैं। माघी पूर्णिमा स्नान के साथ ही छत्तीसगढ़ राज्य के सबसे बड़े मेले का शुभारंभ हो गया, अब यह महाशिवरात्रि तक निर्बाध रूप से संचालित होगा।

## हर ओर गूंजा - सबरी नारायण-नारायण हरि-हरि, तेरी लीला सबसे न्यारी-न्यारी

### खिचड़ी प्रसाद का वितरण

प्रत्येक वर्ष की तरह मठ मंदिर प्रांगण में नगर के समाज सेवियों के सौजन्य से खिचड़ी प्रसाद का भंडारा आम दर्शनार्थियों के लिए किया गया, इसमें लोगों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर भगवान जगन्नाथ जी का प्रसाद प्राप्त किया। एक कहावत प्रसिद्ध है जगन्नाथ के भात को जगत पसारे हाथ वह दृश्य यहां दिखाई दे रहा था।



### पूरे रात भर चला भजन- कीर्तन

शिवरीनारायण आध्यात्मिक नगरी है, यहां लोग पुण्य अर्जित करने के लिए मेले में आते हैं। रात भर चौक- चौराहों में बैठकर भगवान के नाम का सुमिरन करते हैं। भजन - पूजन, पुण्य अर्जित कर सुबह त्रिवेणी संगम में स्नान करते हैं। शिवरीनारायण के प्रत्येक गली -चौराहों में लोग कीर्तन मंडली, भजन मंडली, रामायण मंडली के साथ भगवान का भजन करते हुए दिखाई दिए। शिवरीनारायण मठ में भी प्रत्येक वर्ष की तरह पूरे रात भर भगवान के भजन में श्रद्धालु भक्तगण तल्लीन थे।



### सुबह 3:00 स्नान के लिए गए राजेश्री महन्त

श्री शिवरीनारायण मठ पीठाधीश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज प्रत्येक वर्ष की तरह माघी पूर्णिमा के अवसर पर सुबह 3:00 बजे त्रिवेणी संगम के बाबा घाट में स्नान के लिए अपने सहयोगियों सहित उपस्थित हुए। यहां चित्रोत्पला गंगा जी की स्तुति, पूजन तथा दीपदान कर मठ के लिए वापस हुए। लोगों ने बड़ी संख्या में महानदी में दीपदान करके पुण्य लाभ अर्जित किया।

### जगदीश मंदिर में पूजा अर्चना

भगवान नर -नारायण मंदिर में पूजा अर्चना संपन्न होने के उपरांत राजेश्री महन्त जी महाराज मठ मंदिर स्थित भगवान जगन्नाथ जी के मंदिर में उपस्थित हुए। यहां विधिवत पूजा- अर्चना की गई। स्तुति गान के पश्चात श्रद्धालु भक्तों को तुलसी पत्ती का प्रसाद वितरण किया गया।

### भगवान श्री शिवरीनारायण का सुबह 4 बजे खुला पट

सुबह 4:00 स्नान- ध्यान से निवृत होने के पश्चात राजेश्री महन्त जी महाराज सहयोगियों सहित नर -नारायण मंदिर में उपस्थित हुए। मंदिर का पट खुलने के पश्चात भगवान की भव्य मंगल श्रृंगार आरती संपन्न हुआ। बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालु भक्तों ने भगवान की स्तुति की, इसके साथ ही आम दर्शनार्थियों की लंबी लाइन भगवान के दर्शन के लिए कतारवध्द होकर अपनी बारी का घंटों प्रतीक्षारत थे, लोगों ने भगवान का दर्शन प्राप्त कर अपना जीवन धन्य बनाया।

### शाही स्नान की परंपरा का निर्वाह

शिवरीनारायण में शाही स्नान की परंपरा विगत अनेक वर्षों से संचालित है इसका निर्वाह किया गया। सुबह 11:00 बजे राजेश्री महन्त जी महाराज एवं संत -महात्मा तथा नगर वासी बड़ी संख्या में शाही स्नान के लिए महानदी, जोक नदी एवं शिवनाथ नदी के त्रिवेणी संगम तट बाबा घाट पर उपस्थित हुए। स्नान के पश्चात दीपदान किया गया तत्पश्चात सभी लोग बाजे -गाजे के साथ शिवरीनारायण मठ के लिए रवाना हुए। माघी पूर्णिमा के शुभ स्नान, दर्शन -पूजन के साथ ही शिवरीनारायण के विशाल ऐतिहासिक मेले का शुभारंभ हो गया है। यहां न केवल छत्तीसगढ़ राज्य से अपितु देश के अनेक राज्यों से लोग सपरिवार मेले में पहुंचकर भगवान का दर्शन पूजन करके अपना जीवन धन्य बनाते हैं। भगवान श्री कृष्ण ने श्रीमद् भागवत गीता में स्वयं कहा है कि - सर्व धर्मान्परित्यज्य मामेकं शरणं व्रज। अहं त्वम सर्व पापेभ्यो मोक्षयिष्यामि मा शुचः।



## उधम मचाने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एवं वायरल वीडियो के आधार पर पता चला कि एक आरोपी द्वारा शराब पीकर गार्डन चौक बलौदाबाजार में रात्रि के समय बीच सड़क पर आने जाने वाले लोगों को डराया धमकाया जा रहा था। आरोपी की इस हरकत से सड़क मार्ग में आने जाने वालों वाहनों के आवागमन भी व्यवधान उत्पन्न हो रहा था। कि सूचना पर एवं वायरल वीडियो के आधार पर दिख रहे आरोपी पर कार्रवाई करने हेतु पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता द्वारा थाना प्रभारी सिटी कोतवाली को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। उक्त निर्देशों के परिपालन में वीडियो में दिख रहे आरोपी की पहचान करते हुए आरोपी योगेश दास मानिकपुरी उर्फ कचरू को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा शराब के नशे में गार्डन चौक बलौदाबाजार में उक्त हरकत करना स्वीकार किया गया। विदित हो कि आरोपी कचरू शराबी प्रवृत्ति का है तथा शराब के नशे में वह शहर में इधर-उधर घूमता रहता है। कि आरोपी के विरुद्ध धारा 170,126,135(3) बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई कर उसे विधिवत गिरफ्तार किया गया है।



## शराब का अवैध परिवहन व विक्रय करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ हथबंद

पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में आमजनों की शिकायत एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण करने हेतु जिले में महत्वाकांक्षी योजना समाधान सेल प्रारंभ किया गया है, इसी तारतम्य में 31 जनवरी को समाधान सेल में प्राप्‍ के आधार पर थाना हथबंद की पुलिस टीम द्वारा नेवधा रोड हथबंद में घेराबंदी कर अवैध रूप से बिक्री करने के लिए शराब ले जाते हुए 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

आरोपी शराब कोचियों से 9100 कीमत मूल्य का 91 पाव देशी मसाला शराब एवं अवैध रूप से शराब परिवहन में प्रयुक्त एक सोल्ड स्कूटी जप्त किया गया है। आरोपियों के विरुद्ध थाना हथबंद में धारा 34(2) आबकारी के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

## छत्तीसगढ़ विकसित प्रदेश बनने की ओर तेजी से अग्रसर: सीएम साय





हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय रविवार को कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा में माघ पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित सद्गुरू कबीर संत समागम समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने पंथ उदित मुनि नाम साहेब, पंथ प्रकाश मुनि नाम साहब को चादर श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद लिया और प्रदेश की खुशहाली की कामना की। उन्होंने संत समागम समारोह की की राशि 50 लाख से बढाकर 75 लाख करने की घोषणा की। समारोह में पंथ श्री प्रकाश मुनि नाम साहब ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का कबीरपंथी समाज की ओर से आत्मीय स्वागत किया। उन्होंने कहा कि इस वर्ष माघ मेला के प्रथम दिन बसंत पंचमी के अवसर पर कबीर पंथ के नये संवाहक 16 वें वंशाचार्य पंथी उदित मुनि नाम साहेब का चादर तिलक संपन्न हुआ।

> ■ संत समागम समारोह की राशि 50 लाख से बढ़ाकर 75 लाख करने की घोषणा

उन्होंने बताया की इस वर्ष देश के विभिन्न प्रांतों के साथ ही विदेशों से भी कबीरपंथी संत समागम मेला में आये हैं। समारोह को शासन - प्रशासन का भरपूर सहयोग मिला है। इस अवसर पर पंथ उदित मुनि नाम साहब, गुरूगोसांई भानुप्रताप साहब, विधायक भावना बोहरा, ईश्वर साहु, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, कलेक्टर दीपक सोनी, एसपी भावना गुप्ता सहित सदगुरू कबीर धर्मदास साहेब वंशावली प्रतिनिधि सभा के प्रतिनिधिगण आदि उपस्थित थे।

### लोगों में बढ़ते आस्था का प्रतीक है संत समागम समारोह: सीएम

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय माघ पूर्णिमा की शुभकामनायें देते हुए कहा कि कबीर धर्म नगर दामाखेड़ा का संत समागम समारोह हर साल भव्य होते जा रहा है जो लोगों में बढ़ते आस्था का प्रतीक है। कबीरपंथ का छत्तीसगढ़ के जनजीवन में व्यापक प्रभाव है।इसलिए यहां के लोग शांतिप्रिय है और छत्तीसगढ़ विकसित प्रदेश बनने की ओर तेजी से अग्रसर है। उन्होंने बताया कि वे बचपन से ही कबीर पंथ से परिचित है और उनके गांव बगिया में भी 8-10 कबीर पंथी परिवार है। उन्होंने दामाखेड़ा का नाम कबीर धर्मनगर करने के सम्बन्ध में बताया कि राजपत्र में प्रकाशन हेतु अंतिम प्रक्रिया जारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ के विकास की बाधा नक्सलवाद जल्द ही जड से समाप्त होने वाला है।31 मार्च 2026 तक प्रदेश से समूल नष्ट होगा। हमने जनता से किया वायदा को तेजी से पूरा किया है। डबल इंजन की सरकार का फायदा लोगों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ को बहुत आगे ले जाना है और विकसित प्रदेश के रूप में खड़ा करना है।

### पंथ श्री पौधारोपण व समाज सेवा के क्षेत्र में कर रहे कार्य: डिप्टी सीएम

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि पंथ उदित मुनि नाम साहब का चादर तिलक अद्भुत और अलौकिक रहा। पंथ श्री ने वृक्षारोपण, समाज सेवा, नशामुक्ति एवं युवा उत्थान के क्षेत्र में कार्य कर रहे है। आज के कार्यक्रम में पंथ श्री का दर्शन कर प्रदेश की सुख समृद्धि का आशीर्वाद लिया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय कबीर आश्रम के विभिन्न विकास कार्यों को लेकर हमेशा चिंतित रहते है और शीघ्र पूरा करने के निर्देश देते है। कार्यक्रम को खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल, विधायक इंद्र साव ने भी संबोधित किया।


**आचार्य विशुद्ध सागर एवं मुनि सुयश सागर के सानिध्य में गूंजे धर्मोपदेश**

## नवनिर्मित जैन मंदिर में पंचकल्याणक महोत्सव का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

जैन समाज द्वारा नवनिर्मित जैन मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर पंचकल्याणक महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस धार्मिक आयोजन की तैयारियां जैन समाज द्वारा माहभर पूर्व से ही की गई थीं। नगर को भव्य स्वागत द्वारों, रंगोलियों और आकर्षक सजावट से सुसज्जित किया गया, जिससे पूरे शहर में उत्सव और भक्ति का वातावरण निर्मित हुआ।

आयोजन परम पूज्य आचार्य श्री 108 विशुद्ध सागर महाराज एवं श्रमण मुनि सुयश सागर महाराज के पावन सानिध्य में संपन्न हो रहा है। रिसदा रोड स्थित विशाल पंडाल में प्रतिदिन प्रातः एवं दोपहर आचार्य के प्रवचन आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें बड़ी संख्या में नगरवासी एवं सर्व समाज के श्रद्धालु उपस्थित होकर धर्मोपदेश का श्रवण कर रहे हैं। पंचकल्याणक महोत्सव के अंतर्गत गर्भ, जन्म, तप, ज्ञान एवं मोक्ष कल्याणक का भावपूर्ण आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव के दौरान भगवान के गर्भ में आगमन के समय माता को दिखाई ▸▸ शेष पेज 05 पर





### बड़े नेताओं ने भी शिरकत

आयोजन के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के संगठन मंत्री अजय जामवाल, छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा तथा रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल सहित अनेक जनप्रतिनिधियों ने मुनि से आशीर्वाद प्राप्त किया और मंदिर दर्शन किया। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष अशोक जैन, जैन समाज अध्यक्ष संजय जैन, सचिव अमित जैन सहित आयोजन समिति द्वारा अतिथियों का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा गोलू जायसवाल सहित नगर व जिले के अनेक जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति भी उल्लेखनीय रही।

### निकाली गई भव्य शोभायात्रा

महोत्सव के अंतर्गत निकाली गई भव्य शोभायात्रा में माता-पिता, इंद्र-इंद्राणी, कुबेर सहित विभिन्न देव स्वरूपों के रथों ने नगर भ्रमण किया। शोभायात्रा के दौरान नगर वासियों ने पुष्प वर्षा कर देवगण एवं समाजजनों का स्वागत किया। कार्यक्रम स्थल पर समाज के सभी वर्गों की सक्रिय सहभागिता देखने को मिली, वहीं आम नागरिकों की भारी उपस्थिति से संपूर्ण परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा। नगरपालिका अध्यक्ष अशोक जैन एवं जैन समाज के पदाधिकारियों ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की।

## खबर संक्षेप

### 69वीं शालेय खेल में शिवानी का हुआ चयन

**महासमुंद**। स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 69वीं शालेय कीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन 30 जनवरी से 1 फरवरी तक 19 वर्षीय बालिका रग्बी फुटबॉल प्रतियोगिता दिल्ली में आयोजित किया गया है। जिसमें चयनित खिलाड़ी शिवानी बघेल पिता दीपक बघेल कक्षा दसवीं की छात्रा हैं और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलसोडा स्कूल में अध्यनरत है का चयन किया गया। शिवानी को डीईओ विजय घृतलहरे, जिला खेल अधिकारी अंजलि बरमाल, मनोज कुमार घृतलहरे, प्राचार्य डीएन जांगड़े, शोभा सिंहदेव, व्यायाम शिक्षिका इंद्राणी भास्कर, जगदीश सिन्हा, हेमलता ठाकुर, राजकुमारी पटेल एवं समस्त बेलसोडा स्टाफ, एवं डॉक्टर सुनील कुमार भोई अंजनी साहू, हिरेंद्र साहू एवं समस्त व्यायाम शिक्षकों ने हर्ष जताया है।

### लक्ष्मी ने किया साइंस पार्क का भ्रमण

**सरायपाली**। आईआईएसईआर पुणे तथा समग्र शिक्षा अभियान के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के प्रारंभिक स्तर पर स्कूल मेंटरिंग बॉय हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूट के तीन दिवसीय कार्यशाला में लक्ष्मी नायक शिक्षिका शासकीय उच्चतर प्राथमिक शाला खपरीडीह पुणे में आयोजित कार्यशाला में सम्मिलित हुई। प्रशिक्षण में पिंपरी चिंचवाड़ साइंस पार्क का भ्रमण कराया गया जहां तारामंडल, विविध कंपनी इंजन, टेलीस्कोप द्वारा चंद्रमा तथा बृहस्पति तथा शनि ग्रह को दिखाया गया। कागज की टोपी के माध्यम से विविध ज्यामिति आकृति, प्रकाश के विविध गुण, विविध प्रयोगशाला का अवलोकन कराया गया।

### विधायक के हाथों साइकिल प्राप्त कर छात्राओं के चेहरे खिले

झलप। शासन क़े महत्वपूर्ण योजना सरस्वती साइकिल योजना तहत 83 छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया। साथ ही नव निर्मित कम्प्यूटर कक्ष का लोकार्पण भी हुआ। कार्यक्रम में विधायक द्वारा विभिन्न खेलों में शामिल प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। राज्य स्तरीय कबड्डी खेल प्रतियोगिता में महिला वर्ग में विद्यालय की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, युवराज ध्रुव का नेशनल कब्बडी टीम में चयन हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि योगेश्वर राजू सिन्हा, अध्यक्षता निर्भर नायक जिला महामंत्री ओबीसी मोर्चा भाजपा, विशेष अतिथि बलविंदर सिंह सीटू सलूजा जनपद सभापति, राकेश साहू झलप सरपंच, सम्मी सलूजा विधायक प्रतिनिधि, कुलजीत सलूजा विधायक प्रतिनिधि, कमल कौशिक महामंत्री मंडल झलप, हनी सिंह गंभीर जिला मीडिया सह प्रभारी मंच में उपस्थित रहे। इस दौरान तीजन गब्बर साहू जनपद सदस्य, चंद्रहास चंद्राकर मंडल अध्यक्ष झलप, खेमराज बघेल प्राचार्य, विजय लक्ष्मी सिदार एवं समस्त स्टाफ, डोमन यादव, यमुना ठाकुर, प्रकाश चंद्राकर, ताराचंद पटेल, देवेंद्र राय, सागर साहू, छविंद पटेल, संतोष यादव, द्वारिका सेन, बली पटेल, यादराम पटेल, राजा अग्रवाल, संतोष पंडा, सतीश मारकंडे, राधेश्याम पटेल, ऋतु जोहत निषाद, भारत ध्रुव, चूड़ामणि सिन्हा, भोजराम ध्रुव, कृपाराम ठाकुर उपस्थित थे।

### अग्रवाल समाज के नवयुवकों की नुकरणीय पहल, 'संडे की सेवा' का हुआ शुभारंभ

पिथौरा (ग्रामीण)। नगर के अग्रवाल समाज के नवयुवकों द्वारा समाजसेवा की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए 'संडे की सेवा' नामक अभियान का शुभारंभ किया गया। इस पहल के अंतर्गत हर रविवार को शासकीय चिकित्सालय पिथौरा में भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों को स्वल्पाहार वितरित किया जाएगा। इस सेवा कार्य का शुभारंभ रविवार को किया गया। अग्रवाल समाज के अमित गोयल, सुमीत अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, मनीष बंसल एवं शुभम अग्रवाल, समाज के प्रतिष्ठित लोगों की उपस्थिति में शासकीय अस्पताल पहुंचे और मरीजों तथा उनके अभिभावकों को स्वल्पाहार वितरित किया। नवयुवकों द्वारा शुरू की गई इस मानवीय पहल की समाज के लोगों ने सराहना करते हुए इसे प्रेरणादायक एवं अनुकरणीय बताया।

---

**आयोजन :** जेसीस कॉन्वेंट स्कूल के वार्षिक स्नेह सम्मेलन में शामिल हुए विधायक

# अच्छी शिक्षा व अनुशासन के दम पर स्कूल की प्रगति संभवः इन्द्र साव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा




संस्था में जुड़े हुए सदस्यों की मेहनत और शाला प्रबंधन के अनुशासन तथा अच्छी शिक्षा अगर सही ढंग से मिलती रहे तो वह संस्था निरंतर आगे प्रगति करती रहती है,उन्हें कोई संदेह नहीं कि नगर की यह शिक्षण संस्था अपने दम में लगातार आगे बढ़ रही है,जिसका पूरा श्रेय संस्था प्रमुखों और प्रबंधनों को जाता है जिसके लिए वे सभी बधाई के पात्र है।उक्त उदगार विधायक इंद्र साव ने जेसीस समिति द्वारा संचालित जेसीस कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी इंग्लिश मीडियम स्कूल के 39 वे वार्षिक स्नेह सम्मेलन में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कही।

विधायक इंद्र साव ने कहा कि उन्हें इस बात की खुशी है कि जेसीस समिति द्वारा संचालित यह संस्था कॉन्वेंट से प्रारंभ होकर हायर सेकेंडरी तक पहुंच गई है यह सब संस्था से जुड़े हुए सदस्यों की मेहनत और शाला प्रबंधन में लगे हुए प्राचार्या एवं टीचिंग स्टाफ की मेहनत और आपसी सामंजस्य के बलबूते हो पाया है। उन्होंने बच्चों के शानदार रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति के लिए संस्था प्रमुखों की तारीफ की। इस दौरान विधायक साव ने बेस्ट स्टूडेंट का अवार्ड समीक्षा कामरी 12वीं (बायलॉजी) को प्रदान करते हुए उन्हें बधाई और शुभकामना दी। इस अवसर पर विधायक इन्द्र साव के साथ अध्यक्षता सतीश अग्रवाल अध्यक्ष जेसीस समिति एवं विशेष अतिथि ईश्वर सिंह ठाकुर भी थे। जेसीस कान्वेंट की प्राचार्या ममता गुप्ता ने शाला प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मंच संचालन आकांक्षा तिवारी और अनुष्का राजपूत के साथ विद्यार्थियों में दामिनी वर्मा, देवयानी मिरी एवं नम्रता साहू ने भी किया।कार्यक्रम को देखने काफी संख्या में पालकगण उपस्थित थे।

## लोक धरोहर पर आधारित नृत्य व गीतों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध



**खरोरा** । सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय कोसरंगी में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्पन्न हुआ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दामिनी राजू मिरझा (सरपंच), ग्राम पंचायत कोसरंगी थी, अध्यक्षता जिला ग्राम भारती रायपुर के अध्यक्ष पुना राम वर्मा ने किया, विशिष्ट अतिथि सुरेंद्र दास, रूखमणि बघेल पंच कोसरंगी, सुरेंद्र कुमार मशीनें, सचिव जिला ग्राम भारती रायपुर, डोमार वर्मा कोषाध्यक्ष, तोषण लाल साहू सहसचिव जिला ग्रामभारती रायपुर, गैंद लाल साहू, पुरुषोत्तम साहू, सदस्य (स. शि. मं. कोसरंगी) थे। मां सरस्वती भारत माता, तथा ॐ के छाया चित्र पर पूजा अर्चना पश्चात कार्यक्रम का श्री गणेश हुआ, कक्षा अरुण से लेकर अष्टम तक के भैया बहनों के द्वारा पंथी, कर्मा, सुवा, दादरिया, होली, जवारा, राउत नाचा, भोजली, रीमिक्स गीत, बारहमासी गीत आदि ,विभिन्न प्रकार के छत्तीसगढ़ के लोक धरोहर से जुड़े, नृत्य का प्रदर्शन किया गया, छोटे - छोटे बच्चों के द्वारा एक से बढ़कर एक रंगारंग कार्यक्रम का प्रस्तुत किये जिससे श्रोता एवं दर्शक देर रात थिरकते रहे, कार्यक्रम को प्रोत्साहित करने दर्शक दीर्घा के द्वारा, लगातार पुरस्कार की राशि बरसते रहे तथा शिशु मंदिर के पालक माताओं के द्वारा संचालित मां के आंचल समिति द्वारा वेश भूषा तथा अन्य जरूरी समानों के लिए 11000 की राशि भेंट किए, एवं सभी बच्चों के लिए 501 रुपए की राशि सरपंच दामिनी राजू मिर्झा के द्वारा प्रदान किए।

■ कोसरंगी शिशु मंदिर में हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम

कार्यक्रम का सफल संचालन ख़ेमूराम तुरकाने ने किया एवं कार्यक्रम को सफल बनाने में बसंती दास, सावित्री तुरकाने, दुर्गेश्वरी पाल, सीमा साहू, रोमा दास, कुमारी लक्ष्मी साहू, प्रतिभा साहू ,शकुंतला निषाद, पार्वती साहू, प्रधानाचार्य गंगू राम वर्मा, आचार्य रूपेन्द्र साहू, परमानंद वर्मा, उत्तम साहू, आया खिलेश्वरी साहू, कला पाल, आदि का भरपूर सहयोग रहा । वरिष्ठ ग्रामीण जन एवं प्रतिनिधियों में कुमारी साहू, शशि टंडन, जानकी साहू, सुखीराम साहू, प्राचार्य त्रिलोचन साहू, अशोक साहू, टिकेश्वरी साहू, लीला साहू ,धनेश्वरी साहू तथा समस्त ग्राम वासियों का भरपूर समर्थन एवं सहयोग मिला, अंत में संस्था के प्रधानाचार्य द्वारा उपस्थित दर्शक दीर्घा मंचस्थ अतिथि गण एवं समस्त ग्राम वासियों का आभार प्रदर्शन किया।

## गुमा में हुआ वार्षिकोत्सव व सम्मान समारोह



**भरुवाडीह/सैहा/गुमा** । दाऊ खुमान सिंह शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुमा में वार्षिक उत्सव एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि चंद्रकांता साहू (सरपंच), विशिष्ट अतिथि नम्रता ध्रुव जनपद पंचायत सदस्य तथा अध्यक्ष रोमनाथ वर्मा ने दीप प्रज्वलन कर किया। कार्यक्रम में प्राथमिक से लेकर उच्चतर माध्यमिक स्तर तक के विद्यार्थियों ने नृत्य, लोकगीत और सामाजिक विषयों पर आधारित प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

■ विद्यार्थियों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

विद्यालय द्वारा समाज सेवा में योगदान देने वाले विशिष्ट नागरिकों, पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय झा कुमार साहू सहित कई गणमान्य व्यक्तियों को शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए कक्षा 10वीं की हेमेश्वरी एवं कक्षा 12वीं की नीमा यादव को विशेष सम्मान मिला। साथ ही आदर्श विद्यार्थी, खेल प्रतिभाओं तथा स्काउट-गाइड गतिविधियों में योगदान देने वाले विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकगण, जनप्रतिनिधि, अभिभावक एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अंत में संकुल समन्वयक श्री आर.के. रात्रे ने आभार व्यक्त किया।



# अमसेना हायर सेकंडरी स्कूल में प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान



**खरोरा** । गुरु घासीदास जी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमसेना में भोजराम साहू सरपंच ग्राम पंचायत अमसेना के मुख्य आतिथ्य एवं जनप्रतिनिधियों की गरिमामय उपस्थिति में मां सरस्वती, गुरु घासीदास जी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित पुष्प अर्पित कर प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात शैक्षणिक सत्र 2024–25 में विभिन्न गतिविधियों जैसे खेल, प्रावीण्य सूची में स्थान,स्काउट, गाइड, रेडक्रॉस, रंगोली, चित्रकला, नृत्य, निबंध, कक्षा में सर्वाधिक उपस्थिति में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम, द्वितीय, एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भोजराम साहू ने पढ़ाई के साथ साथ अन्य स्कूल गतिविधियों में छात्र-छात्राओं की भागीदारी की प्रशंसा करते हुए विद्यार्थियों में छुपी हुई प्रतिभा निखारने का सशक्त माध्यम बताते हुए कहां कि स्कूल में विद्यार्थियों के लिए पुस्तक केवल पढ़ने का एक माध्यम ही नहीं है बल्कि मां बाप का सपना होता है जिससे कि वह आगे बढ़ सके ।

### युवाओं को दी गई अपनी संस्कृति को न भूलने की नसीहत

वहीं कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे राजकुमार ओगरे अध्यक्ष शाला प्रबंधन विकास समिति अमसेना ने छात्र-छात्राओं को पुस्तकीय ज्ञान के अलावा खेलकूद, सांस्कृतिक प्रस्तुति में भाग लेने एन सी सी, एन एस एस स्काउट गाइड जैसे गतिविधियों से अनुशासन और एकता और भाईचारा का होना बताया तथा युवाओं को अपने संस्कृति को कभी नहीं भूलने की नसीहत दिया तथा उबारन ढीढी वरिष्ठ नागरिक ने महापुरुषों से अपने जीवन में प्रेरणा लेने की बातें कही। मंच को खेलूराम , बादल सूर्यवंशी, यशवंत सोनवानी ने संबोधन किया। कार्यक्रम में स्वागत अभिनंदन व आभार प्रदर्शन प्राचार्य डॉ दिलीप झा तथा मंच संचालन भोजराम मनहरे व्यायाम शिक्षक व दिनेश तिवारी, अमरदास जांगड़े ने किया।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर सेवक राम साहू सांसद प्रतिनिधि, सरस्वती राय उपसरपंच, चंद्रमणि राय उपसरपंच प्रतिनिधि, इंदिरा ढीढी सदस्य शाला विकास समिति, लल्ला बघेल पंच, ज्ञानेश्वर साहू पंच, दुकालू टंडन, करण राजपूत, रमेश राय पंच, रुक्मणि पंच, टीकालाल ढीढी, श्यामगीर साहू, संदीप बघेल, गोवर्धन यादव, उत्तरी कुर्रे, पुष्पा साहू, भुनेश्वरी सूर्यवंशी, मोहन डहरिया, शत्रुहन यादव के अलावा वृहत संख्या में ग्रामीणजन, शिक्षक शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

---

## परोसा जा रहा गुणवत्ताहीन भोजन

**झलप**। स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही और स्व-सहायता समूहों की मनमानी के चलते झलप उप स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती मरीजों, खासकर गर्भवती महिलाओं को गुणवत्ता और पोषण हीन भोजन परोसा जा रहा है। 30 रुपए में और क्या देंगे? – संवेदनहीनता की पराकाष्ठा भोजन की गुणवत्ता को लेकर एक पीड़ित मरीज ने आवाज़ उठाई, तो महिला स्व-सहायता समूह के संचालक ने दो टूक शब्दों में कहा कि 30 रुपये में और क्या देंगे? खाना मिल रहा है, यही बहुत है। मरीजों का आरोप है कि भोजन न केवल बेस्वाद है, बल्कि पूरी तरह से 'गुणवत्ता विहीन' है। गर्भवती महिलाओं के साथ अन्याय जिन महिलाओं को इस अवस्था में सबसे पौष्टिक आहार की ज़रूरत है, उन्हें ऐसा खाना दिया जा रहा है जिसे निगलना भी दूभर है। अन्य बीमारियों से जूझ रहे मरीजों के लिए यह खाना पोषण कम और इन्फेक्शन का खतरा ज़्यादा पैदा कर रहा है। पीड़ित ने आप बीती बताते हुए कहा कि हमने शिकायत की, तो सुधारने के बजाय हमें चुप करा दिया गया।

## गांजा परिवहन करते पांच लोग गिरफ्तार

**महासमुंद**। गांजा का अवैध परिवहन करने वाले पांच लोगों को तुमगांव पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से साढ़े दस लाख रुपए का गांजा बरामद किया गया है। पुलिस ने बताया कि एनएच 53 रोड अमावस रोड तिराहा के पास दो स्कूटी में सवार आरोपी देवा मंडल उर्फ बबई पिता मनीद्रो मंडल (36 साल) खरियार रोड थाना जोंक जिला नुआपाडा (ओडिशा), इमरान खान पिता जाकिर खान (18 साल) वार्ड नं 13 खरियार रोड थाना जोंक जिला नुआपाडा (ओडिशा), शकील खान पिता वकील खान (21 साल) वार्ड नं 17 मोंगरापाली खरियार रोड थाना जोंक जिला नुआपाडा (ओडिशा), शुभम गोटिया उर्फ सुब्बु पिता मुन्ना लाल गोटिया (30 साल) चेरीताल कन्या शाला स्कूल के पीछे जबलपुर थाना सिटी कोतवाली जबलपुर जिला जबलपुर(मप्र), सोमेत सोनकर उर्फ ओम पिता कृष्ण कुमार सोनकर (20 साल) भर्तीपुर थाना बडी उमती जिला जबलपुर (मप्र) के कब्जे से कुल 21.300 किलोग्राम गांजा कीमत 10,50,000 रुपए को बरामद किया गया है। आरोपियों के विरूद्ध धारा 20(बी)(II) (सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

**कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा और पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा ने खिलाड़ियों को किया सम्मानित**

# प्रीमियम लीग में सुहेला ने बासीन को हराकर जीता फाइनल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार/हिरमी रावन



बलौदाबाज़ार विधानसभा स्तरीय प्रीमियम लीग मैच का फाइनल मुक़ाबला सुहेला और बासीन के बीच खेला गया जहाँ रोमांचक मुक़ाबला में सुहेला ने बासी न को हराते हुए मैच पर कब्ज़ा किया टॉस जीतकर सुहेला के पहले गेंदबाज़ी करते हुए बासीन को महज 66 पर रोक दिया आठ ओवर में बासीन ने 66 बनाकर सुहेला को जीत के लिए 67 रनों का लक्ष्य दिया सुहेल ने बेहतरीन बल्लेबाजी बल्लेबाजी करते हुए अंतिम ओवर में जीत दर्ज की सुहेला की ओर से सोहन ने बेहतरीन बल्लेबाजी और गेंदबाज़ी किया।

उनके इस प्रदर्शन के लिए उन्हें मेन ऑफ़ द मैच चुना गया और पूरे टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये मेन ऑफ़ द सीरिज चुना गया पुरस्कार वितरण के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि यह खेल आपसी भाई चारा को बढ़ाने और अपनी प्रतिभा को निखारने का बेहतर विकल्प है आज हमारे क्षेत्र के खिलाड़ियों को अवसर है कि अपना बेहतर प्रदर्शन दिखाते हुए आगे बढ़े राज्य स्तर तक जाए अध्यक्षता कर रहे पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा ने इस तरह के आयोजन की सरहाना करते हुए मान मंत्री जी और आयोजक समिति की सराहना की प्रतियोगिता के आयोजक और स्वर्गीय सोनचंद स्मृति के फाउडेशन के संयोजक पुष्पराज वर्मा ने भाग लेने सभी टीमों को बधाई दी।

**ये रहे उपस्थितः** इस अवसर विजय केशरवानी, डॉ उत्तम वर्मा, रामनारायण केशरवानी, सुनीता वर्मा, नीलम सोनी, डॉक्टर दौलत राम पाल, हेमंत बाघमार, रवि शंकर वर्मा, राकेश ध्रुव, मनोज निषाद, नरसिंग वर्मा, करन वर्मा, तरुण वर्मा, दिनेश चौरे, योगेश वर्मा, खुमान वर्मा, देवा धृतलहरे, रिंकू वर्मा सहित आयोजन समिति के सभी सदस्य एवं खिलाड़ी और भारी संख्या में दर्शकगण उपस्थित रहे ।

## बेदखली वारंट की आड़ में बड़ा खेल, बिना वैध आदेश के जेसीबी से तोड़ा पैतृक घर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

तहसील बसना अंतर्गत ग्राम मुड़पहार पटवारी हल्का क्रमांक 36 में एक अत्यंत गंभीर और चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां राजस्व विभाग के कुछ अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर अपने पद का दुरुपयोग करते हुए बिना सक्षम प्राधिकारी के आदेश के एक 40 वर्ष पुराने पैतृक आवासीय मकान को जेसीबी से तोड़ने का आरोप है। इस घटना से पीड़ित परिवार को भारी आर्थिक क्षति उठानी पड़ी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम मुड़पहार निवासी बृजेंद्र कुमार साहू (उम्र 58 वर्ष) ने बसना थाना प्रभारी को लिखित शिकायत देकर बताया कि उनकी भूमि खसरा नंबर 119, रकबा 0.67 हेक्टेयर पर विगत लगभग 40 वर्षों से उनका आवासीय मकान निर्मित था। आरोप है कि 11 दिसंबर 2025 को बिना किसी वैधानिक आदेश के कुछ राजस्व अधिकारियों एवं अन्य व्यक्तियों द्वारा जेसीबी मशीन लाकर उक्त मकान को तोड़कर समतल कर दिया गया।




पीड़ित के अनुसार मकान तोड़े जाने के दौरान वहां रखे कृषि उपकरण, घरेलू सामान एवं दैनिक उपयोग की वस्तुएं पूरी तरह नष्ट कर दी गईं, जिससे करीब 12 से 15 लाख रुपये की अपूरणीय क्षति हुई है। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि तहसीलदार बसना द्वारा जारी बेदखली वारंट में मकान तोड़े जाने का कोई आदेश नहीं था, इसके बावजूद कथित रूप से दबाव एवं मनमानी करते हुए कार्रवाई की गई। पीड़ित का आरोप है कि विरोध करने पर उन्हें झूठे प्रकरण में फंसाने, थाना में बंद कराने एवं जेल भेजने की धमकी भी दी गई।

### पीड़ित ने कलेक्टर से लगाई गुहार मांगी निष्पक्ष जांच

मामले की गंभीरता को देखते हुए पीड़ित द्वारा यह शिकायत न केवल बसना थाना प्रभारी को दी गई है, बल्कि जिला मुख्यालय पहुंचकर कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम में भी लिखित शिकायत प्रस्तुत कर उच्च स्तरीय जांच एवं दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों में इस घटना को लेकर गहरा आक्रोश है। लोगों का कहना है कि यदि बिना विधिसम्मत आदेश के किसी का वर्षों पुराना घर तोड़ा जा सकता है, तो आम नागरिक की सुरक्षा और अधिकारों पर बड़ा सवाल खड़ा होता है।

## खबर संक्षेप

### बागबाहरा कबड्डी प्रतियोगिता 6 से

**बागबाहरा।** नगर में अखिल भारतीय महिला पुरुष कबड्डी विगत 5 वर्षों की भांति इस वर्ष भी राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 6 से 8 फरवरी तक जय चण्डी खेल कला क्लब तत्वाधान में जैन मंदिर प्रांगण स्टेशन चौक के समीप किया जा रहा है। समिति के सदस्य उदय चंदेल दीपक यादव ने बताया कि नगर में 6 फरवरी शुक्रवार से राज्यस्तरीय महिला पुरुष वर्ग कबड्डी महोत्सव आयोजित होने जा रहा है. इसमें राज्य जिले सहित अन्य प्रदेशों से भर से 35-40 से अधिक टीमें भाग लेंगी। प्रतियोगिता के लिए 2 कोर्ट तैयार किए गए हैं और सभी मैच शाम 6 बजे से शुरू होंगे, फाइनल मैच शाम को खेला जाएगा। समिति के सदस्यों ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य पारंपरिक खेल कबड्डी को बढ़ावा देना और बच्चों एवं युवाओं को खेलों से जोड़ना है. पुरुष-महिला वर्ग में आयोजित की जाएगी. कुल लगभग 35-40 मैच होंगे और इसे सफलतापूर्वक संचालित करने के लिए 60 खेल शारीरिक शिक्षक और 40 कार्यकर्ता सहयोग करेंगे। महोत्सव की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसमें प्रदेश, जिले, सहित ओडिशा, मध्यप्रदेश, दिल्ली हरियाणा, गुजरात, राजस्थान, महाराष्ट्र, झारखंड, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हिमाचल प्रदेश की टीमें भाग लेंगी।

### भोमेश एफएमजीई परीक्षा में रहे सफल

**झलप।** राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड द्वारा दिसंबर 2025 में आयोजित एफएमजीई (फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट एग्जामिनेशन) परीक्षा में नरतोरा निवासी छविंद्र पटेल के सुपुत्र भोमेश पटेल ने 182 अंक प्राप्त कर परीक्षा उत्तीर्ण कर ली, विदेशों से मेडिकल की पढ़ाई करने वाले छात्रों को भारतीय मानकों के हिसाब से ढालने के लिए ये परीक्षा आयोजित की जाती है। भोमेश ने अपने दादा टूकलाल पटेल, पिता छबिंद्र पटेल, माता किरण पटेल, को अपनी सफलता का श्रेय दिया। जिला संगठन प्रभारी महासमुंद पुरुषोत्तम पटेल (फूफा), केंद्रीय अध्यक्ष उषा पटेल, नैन पटेल (मामा) सभापति जिला पंचायत एवं शुभचिंतकों ने हर्ष जताया है।

### बारहवीं के विद्यार्थियों का भावपूर्ण विदाई समारोह

**महासमुंद।** द न्यू होली फेथ स्कूल में कक्षा ग्यारहवीं के छात्र-छात्राओं द्वारा कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए परंपरानुसार विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में संस्था प्रमुख महेंद्र जैन, पूजनीय कविता पींचा, भावना जैन, प्राचार्या शर्वरी पींचा सहित समस्त शिक्षकगण एवं कक्षा बारहवीं के विद्यार्थी आसंदी अतिथि के रूप में सादर मंचस्थ रहे।

## पेज 3 का शेष

### नवनिर्मित जैन मंदिर...

देने वाले 16 शुभ स्वप्नों का भावपूर्ण मंचन किया गया। हाथी, बैल, लक्ष्मी, सूर्य, चंद्रमा, कलश, सरोवर, विमान, रत्न, स्वर्ण सिंहासन सहित अनेक मंगल प्रतीकों के प्रदर्शन से संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो उठा। मुनि श्री का प्रवचन प्रतिदिन सायं 4 बजे प्रारंभ होता है।

## सियासत : विकास के साथ समावेशन और आत्मनिर्भर भारत पर जोर

# केंद्रीय बजट 2026-27 पर भाजपा नेताओं की सकारात्मक प्रतिक्रिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए मंडल अध्यक्ष पवन वर्मा ने कहा कि यह केवल आय-व्यय का हिसाब नहीं होता, बल्कि यह देश के भविष्य की दिशा तय करने वाला एक महत्वपूर्ण दस्तावेज़ होता है। इसी से पता चलता है कि सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, किसान, युवा और देश की अर्थव्यवस्था को किस दिशा में ले जाना चाहती है। 2026 के बजट में सरकार ने विकास के साथ-साथ समावेशन पर ज़ोर दिया है।



शिक्षा और कौशल विकास पर ध्यान देकर युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की कोशिश की गई है, ताकि आने वाले समय में भारत का युवा वर्ग सिर्फ नौकरी खोजने वाला नहीं, बल्कि नौकरी देने वाला बने। डिजिटल शिक्षा, नई तकनीकों और स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा देना इसी सोच का हिस्सा है। किसानों के लिए सिंचाई, भंडारण और आधुनिक खेती से जुड़ी योजनाओं पर ध्यान दिया गया है, जिससे उनकी आय बढ़े और ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत हो। स्वास्थ्य क्षेत्र में सुविधाओं के विस्तार और आम लोगों तक बेहतर इलाज पहुँचाने की दिशा में भी कदम उठाने की बात कही गई है।

### समावेशी विकास और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में ऐतिहासिक बजटः संकेत

भाजपा मंडल पलारी के कोषाध्यक्ष व पूर्व प्रदेश आमंत्रित सदस्य भाजयुमो संकेत वर्मा ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भारत सरकार द्वारा आज प्रस्तुत किया गया केंद्रीय बजट 2026–27 देश के सर्वांगीण विकास, सामाजिक न्याय और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक दूरदर्शी एवं संतुलित बजट है। यह बजट "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास" की भावना को सशक्त रूप से प्रतिबिंबित करता है। शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में किए गए निवेश से युवाओं को रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण प्राप्त होगा। डिजिटल शिक्षा, तकनीकी संस्थानों और शोध को प्रोत्साहन देकर भारत को ज्ञान-आधारित अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। स्वास्थ्य क्षेत्र में बजटीय बढ़ोतरी से प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार होगा तथा आम नागरिकों को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएँ मिलेंगी। आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं को और मजबूत किया गया है। कुल मिलाकर, यह बजट आर्थिक स्थिरता, सामाजिक संतुलन और भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया एक जन-हितैषी और विकासोन्मुख बजट है, जो भारत को आत्मनिर्भर और वैश्विक नेतृत्व की ओर अग्रसर करेगा।



### बजट से किसानों को फायदाः अमित वर्मा

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट का किसान मोर्चा के जिला महामंत्री अमित वर्मा ने प्रशंसा करते हुए कहा यह एक ऐतिहासिक बजट है किसानों की आय दोगुनी करने वाली बजट है इस बजट से किसानों में और खुशहाली आएगी। इसके साथ ही, बुनियादी ढांचे जैसे सड़क, रेल, और ऊर्जा पर निवेश बढ़ाने से रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और देश की अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी। यह बजट पर्यावरण और स्वच्छ ऊर्जा जैसे मुद्दों को भी ध्यान में रखता है, जो हमारे भविष्य के लिए बेहद जरूरी हैं। महिलाओं और वंचित वर्गों के लिए विशेष योजनाएं सामाजिक समावेशन को सुदृढ़ करेंगी। वहीं, स्टार्ट-अप्स, एमएसएमई और उद्योग जगत को दिए गए प्रोत्साहन से निवेश बढ़ेगा और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे, यदि योजनाएँ जमीन तक सही ढंग से पहुँचें, तो निश्चित रूप से यह बजट आम आदमी के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला सकता है।



### विकसित भारत की आधारशिला है बजटः टेसूलाल

**बलौदाबाजार ।** भाजपा शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक टेसूलाल धुरंधर ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को सर्वस्पर्शी बजट पेश करने के लिए बधाई देते हुए कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ दादागिरी के बाद भी बिना झुके 7% ग्रोथ के साथ वर्ष 2026-27 के लिए वित्त मंत्री द्वारा पेश बजट में 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को ध्यान में रखकर आधारशिला रखी गई है। बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, युवा, महिला, गरीब,किसान आदि सभी घटकों का ध्यान रखते हुए मुख्य रूप से प्रत्येक जिले में गर्ल्स हॉस्टल,10 साल के लिए खेलो इंडिया, कैंसर की 17 दवाइयां सस्ती करने,आत्मनिर्भर फंड को सपोर्ट,7 हाई-स्पीड कॉरिडोर बनाने की योजना सहित कई ऐसे अन्य उपाय प्रस्तावित किए गए हैं जिसका प्रभाव वैश्विक पटल पर कुछ ही अंतराल के बाद दिखाई देने लगेगा।



### आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत का विजन है प्रस्तुत बजटः विजय केसरवानी

**बलौदाबाजार ।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का तीसरा प्रस्तुत बजट आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत के विजन को साकार करने वाला आर्थिक विकास को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का एक महत्वपूर्ण दस्तावेज साबित होने वाला है। उक्त विचार व्यक्त करते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता विजय केसरवानी ने कहा कि यह बजट मध्यम वर्ग को कर राहत, किसानों को समृद्ध बनाने वाला होगा। श्री केसरवानी ने आगे कहा कि आर्थिक सर्वेक्षण की सिफारिशों पर आधारित यह बजट महंगाई पर काबू पाते हुए रोजगार और निवेश को प्रोत्साहित करेगा। यह बजट न केवल आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करेगा, बल्कि सभी वर्गों को समान अवसर प्रदान करके एक समावेशी भारत का निर्माण करेगा। सरकार की यह पहल देशवासियों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने में मील का पत्थर साबित होगी। बजट में हर वर्ग की चिंता की गई है। किसान, गरीब, युवा हर कोई इस बजट से बेहद खुश है। 12 लाख रुपए तक की आय पर कोई कर नहीं लगेगा। यह निर्णय मध्यम वर्ग के लिए बड़ी राहत की बात है। विकसित भारत की मजबूत नींव रखने वाले ऐतिहासिक केंद्रीय बजट 2026-27 ने देश की प्रगति को एक नई दिशा दी है। यह बजट इसलिए भी विशेष है क्योंकि यह 'कर्तव्य भवन' में तैयार किया गया पहला बजट है। यह बजट केवल आंकड़ों का लेखा-जोखा नहीं, बल्कि एक आत्मनिर्भर और सशक्त भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को बधाई।



## भाजपाइयों ने देखा केंद्रीय बजट 2026 का सीधा प्रसारण





**बलौदाबाजार।** भाजपा जिला कार्यालय बलौदाबाजार में आज केंद्रीय बजट 2026 का सीधा प्रसारण कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा, प्रदेश प्रवक्ता भाजपा प्रमोद शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल जी, वरिष्ट भाजपा नेता द्वय टेसूलाल धुरंधर, विजय केशरवानी सहित जिला पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि के साथ देखा। एनडीए सरकार के द्वारा प्रस्तुत बजट जन कल्याणकारी, दूरदर्शी, आत्मनिर्भर भारत की ओर बढ़ते कदम को परिभाषित करने वाला बजट है ।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का तीसरा प्रस्तुत बजट आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत के विजन को साकार करने वाला आर्थिक विकास को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का एक महत्वपूर्ण दस्तावेज साबित होने वाला है। यह बजट मध्यम वर्ग को कर राहत, किसानों को समृद्ध बनाने वाला होगा।आर्थिक सर्वेक्षण की सिफारिशों पर आधारित यह बजट महंगाई पर काबू पाते हुए रोजगार और निवेश को प्रोत्साहित करेगा। यह बजट न केवल आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करेगा, बल्कि सभी वर्गों को समान अवसर प्रदान करके एक समावेशी भारत का निर्माण करेगा। सरकार की यह पहल देशवासियों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने में मील का पत्थर साबित होगी। इस अवसर पर सुनने वालों मे नरेश केसरवानी, आलोक अग्रवाल, चित्रेखा साहू, रितेश श्रीवास्तव, सुनीता वर्मा, जितेन्द्र माहले, राकेश ध्रुव, सबा करीन, धनेश्वरी वर्मा, सरिता मार्के, सोहन साहू, पोषण पटेल, महेन्द्र साहू, कृष्णा सेन, वासु ठाकुर, लक्ष्मी साहू, हितेश रात्रे सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण ने केंद्रीय बजट का प्रसारण सुना गया।

## कार्यकर्ताओं ने किया सीधा प्रसारण देखकर समीक्षा



**लवन ।** माननीय केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज केन्द्रीय बजट 2026 पेश किया जिसका सीधा प्रसारण भाजपा मंडल लवन मे जिला उपाध्यक्ष नंदकुमार वर्मा एवं मंडल अध्यक्ष अनुपम बाजपेयी के नेतृत्व मे कार्यकर्ताओ द्वारा देखा गया।

बजट के बारे मे जिला उपाध्यक्ष नंदकुमार वर्मा ने बताया कि यह बजट विकसित भारत के लक्ष्य को ध्यान मे रखते हुए गांव, गरीब, किसान के विकास के लिए बनाया उत्तम बजट है जिसमे प्रमुख रूप से महात्मा गांधी स्वरोजगार के अंतर्गत खादी ग्रामोद्योग को बढाने आयुर्वेद के नये एम्स स्थापित करने,गंभीर जानलेवा बीमारियों पर लगने वाली दवाइयों को कर मुक्त करने, पर्यटन स्थलों पर टूरिस्ट को बढ़ावा देने हेतु गाईड की प्रशिक्षण, लखपति दीदी योजना के तहत महिला समूहो के माध्यम से महिलाओं के जीवन स्तर को सुधारने जैसी महत्वपूर्ण योजनाये है जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था मे तेजी से विकास होगा। मंडल अध्यक्ष अनुपम बाजपेयी ने बताया कि इस बजट मे हर जिले मे गर्ल्स हॉस्टल बनाने जैसी योजनाओं के माध्यम से बेटियों को भी बड़े शहरों मे रहकर पढ़ने लिखने मे मदद मिलेगी। इसके अलावा टैक्स मे किसी तरह की फेरबदल न करते हुए यथावत रखा गया है जिससे कर दाताओं पर किसी तरह की बोझ नहीं पड़ेगी।

**ये रहे उपस्थित**

आज के कार्यक्रम मे मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष नंदकुमार वर्मा,मंडल अध्यक्ष अनुपम बाजपेयी,अध्यक्ष नगर पंचायत लवन शिव मंगल सिंह चौहान, महामंत्री चन्द्रभूषण वर्मा, नगर उपाध्यक्ष नरेंद्र साहू, सहकारी समिति लवन प्राधिकृत अधिकारी दुर्गेश बाजपेयी, पारस ताम्रकार, गोबिंद घृतलहरे, विकास अग्रवाल, योगेश साहू, योगेश सिंघम, केशव मिश्रा, अश्वनी वर्मा सरपंच ग्राम पंचायत कोरदा, विजय साहू, सुमेन्द्र बार्वे, कमलेश वर्मा, मालिकराम वर्मा, घुरऊराम वर्मा, दिनेश्वर के अलावा बड़ी संख्या मे भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# समाधान सेल की सक्रियता से धारदार चाकू लेकर डराने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेल

पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में जिले में आमजन की शिकायतों एवं समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रारंभ की गई महत्वाकांक्षी योजना समाधान सेल लगातार प्रभावी साबित हो रही है। इसी क्रम में समाधान सेल हेल्पलाइन पर प्राप्त सूचना के आधार पर थाना राजादेवरी पुलिस ने धारदार कत्ता चाकू दिखाकर लोगों को भयभीत करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 फरवरी को समाधान सेल में सूचना मिली कि ग्राम रिकोकला में एक व्यक्ति अपने हाथ में धारदार कत्ता चाकू लहराकर अपने ही परिवार के सदस्यों को डरा-धमका रहा है।

सूचना को गंभीरता से लेते हुए थाना राजादेवरी पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुँची और स्थिति को नियंत्रण में लेते हुए आरोपी मुकेश अवस्थी को हिरासत में लिया। पुलिस द्वारा आरोपी के कब्जे से एक धारदार कत्ता चाकू जप्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना राजादेवरी में अपराध क्रमांक 11/2026, धारा 25 एवं 27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर उसे विधिवत गिरफ्तार किया गया है।



आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया जारी है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि समाधान सेल हेल्पलाइन के माध्यम से आम नागरिक व्हाट्सएप या कॉल के जरिए किसी भी प्रकार की सूचना, शिकायत अथवा आपराधिक गतिविधि की जानकारी साझा कर सकते हैं। इसी जनसहयोग के चलते जिले में अपराधियों की धरपकड़ में लगातार सफलता मिल रही है। थाना राजादेवरी पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी आपराधिक गतिविधि की जानकारी तत्काल समाधान सेल हेल्पलाइन पर दें ताकि समय रहते कार्रवाई कर कानून-व्यवस्था बनाए रखी जा सके।

# ज्ञान विज्ञान विद्यालय में 22वीं वर्षगांठ पर हुआ भव्य वार्षिकोत्सव 'ज्ञान तरंग'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ क्षेत्र की बहुप्रतिष्ठि त संस्था ज्ञान विज्ञान उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिलाईगढ़ में शाला की 22 वीं वर्षगांठ पर शाला वार्षिकोत्सव का आयोजन नवीन शाला भवन में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला के जिला शिक्षा अधिकारी जे आर डहरिया और कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रामनारायण देवांगन थे। माननीय मुख्य अतिथि ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग और ज्ञान वर्धक सांस्कृतिक कार्यक्रम की सराहना करते हुए सभी प्रतिभागियों को शाला परिवार सहित बधाई दिए।

उन्होंने ज्ञान विज्ञान विद्यालय द्वारा क्षेत्र को गुणवत्ता मूलक शिक्षा अंग्रेजी और हिंदी माध्यम में उपलब्ध कराने के लिए मुक्त स्वर से बधाई दिए और उनके 22 वर्षों के अनेक उपलब्धियों से भरा ऐतिहासिक पल की सराहना किए। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी और विशिष्ट अतिथियों के हाथों से संस्था द्वारा मेधावी और प्रतिभावान विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल सिल्वर मेडल और प्रशस्ति पत्र के साथ ट्राफी भेंट कर सम्मानित किया गया।

**इन्होंने किया संचालनः** कार्यक्रम ज्ञान तरंग 2026 को पांच भागों में प्रस्तुत किया गया जिनके संचालन क्रमशः संस्था के शिक्षिकाएअन्नपूर्णा साहू व्याख्याता अंग्रेजी, सुमन रातें व्याख्याता जीव विज्ञान तथा विद्यार्थियों में हर्ष वर्धन साहू, देवेंद्र देवांगन, कु जाह्नवी यादव, कु कुसुम साहू और कु. कविता साहू ने संचालित किए। कार्यक्रम में दर्शक दीर्घा की भीड़ से पुरस्कारों की बारिश होती रही।

**ये हुए शामिलः** संस्था के सम्मानित शिक्षकों में उप प्राचार्य कविता शर्मा, ओंकार सिंह मनहर, बसंत पटेल, हीरादास मानिकपुरी, कृष्ण कुमार, अंजू बघेल, चुनेश जायसवाल, मति ललिता टंडन, राधा जायसवाल, सहोदरा साहू, चित्रलेखा साहू प्रेमलता निषाद, मधु रात्रि, सतीश साहू, दिनेश बंजारे, साकेत जायसवाल, पूर्णिमा लहरे, सरोज साहू और कौशिल्या साहू सहित डॉ. केडी भास्कर व्यख्याता, मनोज बाई खूंटे, एवं राजकुमार जांगड़े शामिल रहे।



### इन्हें मिला सम्मान

बेस्ट स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2026 का अवार्ड कु वसुंधरा साहू 12 वी और कु माधवी मनहर 10 वीं को दिया गया जबकि बेस्ट टीचर ऑफ द ईयर का अवार्ड रोशनी देवांगन को दिया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में बेस्ट स्य के लिए प्रथम इनाम पंथी रीमिक्स और द्वितीय इनाम ड्रग्स एडिक्शन तथा तृतीय इनाम सेव द वॉटर को दिया दिया गया। अन्य सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र और मेडल से सम्मानित किया गया। अंत में कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे से शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष आर एस बघेल ने भारतीय संविधान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए देश के सभी महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेकर बच्चों , गणमान्य नागरिकों और अन्य अतिथियों को देश के प्रति एक जिम्मेदार नागरिक बनकर आदर्श जीवन की पहचान बनाकर जीने के लिए प्रेरित किया।

## अहाता के लिए जनपद अध्यक्ष दौलत पाल ने की पांच लाख की घोषणा

# निषाद समाज ने मनाई गुहा व बिलासा जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंद

निषाद समाज ने ग्राम प्रमुख भानु निषाद के अगुवाई में धूमधाम से मनाई प्रभूराम बाल्यकाल सखा गुहा निषादराज व बिलासा देवी केवट जयंती। समाज के जिला महासचिव ईश्वर प्रसाद निषाद ने बताया कि स्थानीय तालाब में कलश में जल लेकर सैकड़ों महिलाएं पैदल चल रहे थे, बच्चे प्रभू राम,जानकी, लक्ष्मण, गुहा राज व बिलासा माता के वेषभूषा में रथ पर सवार होकर जीवंत झांकी डीजे के धुन पर लोग नाचते हुए नगर भ्रमण तिगड्डा चौक से बाजार चौक रेल्वे स्टेशन रोड होते हुए दुर्गा चौक पहुंचा। जहां सांस्कृतिक कार्यक्रम संगी जहुरिया ने दर्शकों का समां बांधा।



मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा का चौक पहुंचते ही जिला प्रचार सचिव धन्ना निषाद के नेतृत्व में फुल माला पहनाकर पटाखे फोड़कर स्वागत करते हुए मंच पहुंचा। जहां श्रीराम मित्र गुहा के तैल चित्र की पुजा अर्चना किये। सरपंच ढालेश्वरी अनंत ने उद्बोधन में जयंती की बधाई दिए, प्रदेश उपाध्यक्ष बोधीराम निषाद ने संगठित होने और शिक्षा पर जोर दिया। मंत्री टंकराम वर्मा ने प्रभूराम व निषाद राज की मित्रता पर प्रकाश डाला, जनपद अध्यक्ष दौलत पाल ने समाज के आग्रह पर भवन के अहाता निर्माण के लिए पांच लाख रुपए की घोषणा किया। मंच संचालन फलेंद्र कैवर्त्य ने किया।

**ये रहे उपस्थितः** जहां जिलाध्यक्ष भाजपा आनंद यादव, समाज के जिलाध्यक्ष नारद निषाद, पुहूपराम निषाद,तिहारुराम, करन वर्मा, बबलू पटेल, डॉ यु.के. बिश्वास , मनोज निषाद, रामप्रसाद निषाद, राधेलाल, संतुराम निषाद, साहसराम, बिरजू निषाद, घनश्याम, नंदकिशोर, रामप्रकाश, पुनमचंद, खिलेंद्र, नरेंद्र, मयंक, गोपी, विरेन्द्र, कृष्ण कुमार आदि सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
30 जनवरी 2026
SHOW TIME
बार्डर - 2
शो समय - 12:00, 3:00, 6:45, 9:00 PM
मर्दानी - 3
शो समय - 03:45, 06:15 PM
कब होगी मिलन (सीजी)
शो समय - 12:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में 84035 किसानों ने बेचा 442826.64 मेट्रिक टन धान

## 78185 किसानों ने किया 3037 हेक्टेयर रकबा समर्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

राज्य शासन के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे के कुशल नेतृत्व में जिला प्रशासन द्वारा जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी 15 नवंबर से प्रारंभ की गई, जिला में कुल पंजीकृत 89274 किसानों का कुल पंजीकृत रकबा 92298.204 हेक्टेयर है। 31 जनवरी 2026 की स्थिति में कुल 84035 किसानों ने 442826.64 मे.टन धान विक्रय किया है। 4,42,826.64 मीट्रिक टन धान खरीदी के विरुद्ध कुल 340769.60 मे.टन डी.ओ./ टी.ओ. जारी किया गया है, जिसका उठाव पंजीकृत राईस मिलरों व परिवहनकर्ताओं के माध्यम से किया जा रहा है।



### सारंगढ़- बिलाईगढ़ जिले में कुल 92 प्रकरण दर्ज

31 जनवरी 2026 तक राजस्व विभाग, खाद्य विभाग, कृषि उपज मंडी, सहकारिता विभाग के अधिकारियों द्वारा सारंगढ़- बिलाईगढ़ जिले में कुल 92 प्रकरण दर्ज कर कुल 23498 क्विंटल धान जप्त कर मंडी अधिनियम के तहत कार्यवाही किया गया है जिसका अनुमानित लागत 07 करोड़ 28 लाख रूपये है इसी प्रकार 02 राईस मिल एवं 17 कोचियों के गोदामों को सील कर कार्यवाही किया गया। 31 जनवरी 2026 की स्थिति में जिले के कुल 65 समितियों के 86 उपार्जन केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण हो गया है, जिससे किसानों में अत्यंत खुशी का माहौल छाया हुआ है तथा किसानों के द्वारा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त किया जा रहा है।


जिला प्रशासन द्वारा धान की अवैध खरीदी बिक्री, परिवहन और भंडारण की रोकथाम के लिए निरंतर कार्यवाही किया गया एवं जिला स्तर से जिले के समस्त उपार्जन केन्द्रों में अपर कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर, अनुविभाग अधिकारी राजस्व, तहसीलदार, नायब तहसीलदार तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों को जोनल अधिकारी व नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया, जिनके द्वारा लगातार धान खरीदी केन्द्रों में जाकर निरीक्षण तथा पर्यवेक्षण किया गया ताकि छ.ग. राज्य शासन की मंशानुरूप केवल वास्तविक एवं पात्र कृषकों के वास्तविक रकबे के आधार पर ही धान खरीदी हो सके साथ ही कोचियों, व्यापारी, अवैध धान विक्रेताओं की धान की खरीदी बिक्री पर रोकथाम की जा सके।

## खबर संक्षेप



### श्री सीमेंट की नवधा भक्ति कथा में शामिल हुए प्रेस क्लब के सदस्य

**बलौदाबाजार।** श्री सीमेंट लिमिटेड द्वारा रायपुर में आयोजित विश्व-प्रसिद्ध आध्यात्मिक गुरु स्वामी गोविंद देव गिरि जी महाराज की दो दिवसीय नवधा भक्ति कथा के दूसरे दिन बलौदाबाजार प्रेस क्लब के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सहभागिता दर्ज कराई। प्रेस क्लब के सदस्यों ने कथा श्रवण कर आध्यात्मिक अनुभूति प्राप्त की और आयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा की। कथा के दूसरे दिन बलौदाबाजार प्रेस क्लब अध्यक्ष नरेश गनशानी, सचिव दलजीत सिंह चावला, मनजीत सिंह चावला, प्रदीप माहेश्वरी, दिलीप माहेश्वरी, राघवेंद्र सिंह, राजेश्वर गिरी, लोकेश्वर बघेल, मिथलेश, मोहित मरकाम, ओम जायसवाल, कुश अग्रवाल, अशोक टण्डन, जगजीवन नारंगे, सुरेन्द्र बघेल, प्रकाश बारवे एवं उमेश बाजपेई विशेष रूप से शामिल हुए।



### भवानीपुर विद्यालय में हुआ पुरस्कार वितरण समारोह

**भवानीपुर।** 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर विद्यालय प्रांगण में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में 22 जनवरी से 25 जनवरी तक आयोजित खेल उत्सव में विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। खेल उत्सव का उद्देश्य विद्यार्थियों में शारीरिक विकास के साथ-साथ खेल भावना, अनुशासन और टीम वर्क की भावना का विकास करना रहा। चार दिवसीय खेल उत्सव के दौरान कबड्डी, दौड़, खो-खो, लंबी कूद सहित अन्य खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें विद्यार्थियों ने उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया। प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम सरपंच प्रेमिन लहरे उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाला विकास समिति अध्यक्ष मदन साहू ने की। अतिथियों का स्वागत विद्यालय परिवार द्वारा किया गया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ खेलों को भी जीवन का अभिन्न अंग बनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि खेलों से बच्चों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और अनुशासन का विकास होता है। कार्यक्रम के दौरान उपसरपंच फागू राम सेन, बगश राम ध्रुव, जगदीश लहरे, शाला विकास समिति के सदस्य, विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों के प्रदर्शन की सराहना की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### झलप में सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन

**झलप।** ग्राम पंचायत झलप के वार्ड क्रमांक 15 में विकास कार्यों को गति देते हुए विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा द्वारा सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम में सरपंच राकेश साहू, जनपद सदस्य बलविंदर सीटू सलूजा, विधायक प्रतिनिधि शम्मी सलूजा, कुलजीत सलूजा, बली पटेल, सहकारी समिति अध्यक्ष सागर साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष गोलू चंद्राकर, हनी गंभीर, संतोष पंडा, कृपाराम ठाकुर सहित भाजपा झलप मंडल के कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

**सियासत :** बाइक रैली और ग्राम सभा के जरिए ग्रामीणों को किया गया जागरूक

# मनरेगा को समाप्त करने की केन्द्र सरकार की सोची-समझी साजिशः उमेश पटेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

प्रदेश कांग्रेस के निर्देशानुसार महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना को सुनियोजित तरीके से केन्द्र सरकार द्वारा बंद किए जाने के प्रयास करने का षड़यंत्र का आरोप लगाते हुए पूर्व मंत्री उमेश पटेल, विधायक संदीप साहू, कांग्रेस के सह-प्रभारी विजय जांगिड सहित वरिष्ठ नेताओं के नेतृत्व में देर शाम बाईक रैली करते हुए पलारी विकासखंड के ग्राम लटेरा में आमसभा कर ग्रामीणों को संबोधित किया।

कांग्रेस का अभियान मनरेगा बचाओ संग्राम के छत्तीसगढ़ प्रभारी पूर्व मंत्री खरसिया के विधायक उमेश पटेल विधायक संदीप साहू व वरिष्ठ नेताओं का ब्लॉक अध्यक्ष रवि बंजारे सहित ब्लॉक के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोशीला स्वागत किया। ग्राम लटेरा में आयोजित आमसभा में पूर्व मंत्री उमेश पटेल ने उपस्थित ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार मजदूर विरोधी सरकार है। मोदी सरकार न केवल महात्मा गांधी के नाम को योजना से हटाया,बल्कि कांग्रेस सरकार द्वारा गरीबों,मजदूरों और वंचितों को दिये गये रोजगार की गारंटी के अधिकार पर भी प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार लगातार मनरेगा के बजट में कटौती कर रही है। जिसके कारण लगभग बीते दो वर्षों से ग्रामीण क्षेत्रों में मनरेगा के तहत काम लगभग बंद सा हो गया है। उन्होंने बताया कि पहले पंचायतों को अधिकार था, ग्राम सभा के माध्यम से पंचायत के प्रस्ताव के आधार पर कार्य स्वीकृत होते थे, लेकिन अब यह अधिकार भी उनसे छीन लिया गया है। मनरेगा को पूरी तरह बंद करने की नीयत से इनके नामकरण में जानबूझकर वीबी जी राम जी नाम जोड़कर ग्रामीणों की भावनाओं के साथ खेलना चाह रही है ताकि लोग धार्मिक भावना में फँसकर विरोध ना कर सके। उन्होंने कहा कि पहले से रोजगार गारंटी योजना के तहत मजदूरों को काम माँगने का कानूनी अधिकार है,लेकिन जमीनी स्तर पर इसका कहीं पालन नहीं हो रहा है। विधायक संदीप साहू ने भाजपा पर किसान विरोधी नीतियाँ अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार बड़े उद्योगपतियों और ठेकेदारों को मनरेगा में भी लाभ पहुंचाना चाहती है, इसलिए मनरेगा को कमजोर कर उसे खत्म करने की कोशिश की जा रही है।

**ये रहे उपस्थितः** आम सभा में रोहित साहू, रोहांसी नगर पंचायत अध्यक्ष नन्दे साहू, पलारी नपं उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा, मनीष चंद्राकर, पीतांबर साहू, सनत वर्मा, तोमन चंद्राकर, बिशेषर वर्मा, प्रताप गोस्वामी, योगेश बंजारे, काशी घृतलहरे, गुलाब यदु, लेखराम गनहरे, प्रताप गोस्वामी, रामस्वरूप रूपेंद्र शिव ठाकुर, बीशेसर वर्मा, जितेंद्र साहू, संतोष यादव, राजकुमार रात्रे, ललिता साहू,जियान कुर्रे, गंगोत्री कुर्रे, ईश्वरी बांधे, रूखमणि तेरहवंश, सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।




### प्रदेश सरकार पर साधा निशाना

उन्होंने प्रदेश की साय सरकार पर धान खरीदी में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा चुटीले व्यंग्य मारते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में 13करोड़ का धान मुसूवा ने खा दिया।ये करोड़पति मुसवा भाजपा के 32 दांत वाले हैं जो किसानों के धान को खरीद नहीं पा रही है और किसानों को रकबा समर्पण, जांच कर पर किसानों को चोर साबित करने में लगी है। सभा को कांग्रेस के प्रभारी विजय जाँगीड, दुर्ग की पूर्व विधायक प्रतिमा चंद्राकर, जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमित्रा घृतलहरे, पूर्व जिलाध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर, गायत्री कैवैर्त्य ने भी संबोधित किया। संचालन नगर पंचायत पलारी के अध्यक्ष गोपी साहू ने किया। आभार ब्लॉक अध्यक्ष जिला पंचायत सदस्य रवि बंजारे ने किया।

# पांच दिवसीय सतनाम सत ग्रंथ का आयोजन आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बगबुड़ा

ग्राम पंचायत बगबुडा में सतनामी समाज द्वारा 2 फरवरी से 7 फरवरी तक पांच दिवसीय गुरु घासीदास बाबा की सतनाम सत ग्रंथ का आयोजन किया जा रहा है जिसमें 2 फरवरी को दोपहर 12 बजे से डीजे, पंथी पार्टी, अखाड़ा के साथ भव्य शोभायात्रा निकालकर गांव भ्रमण किया जाएगा।



शाम 5 बजे से पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्वलित कर पालो चढ़ाकर सतनाम सत ग्रंथ का शुभारंभ किया जाएगा तथा 7 फरवरी को सतधारा एवं गंगा प्रवाह का कार्यक्रम होगा जिसमें समस्त संत समाज, चौका भजन, मंगल भजन, पंथी पार्टी, सांस्कृतिक कार्यक्रम, टिकाकर, श्रोतागण को सादर आमंत्रित किया गया है जो कार्यक्रम में पहुंचकर गुरु घासीदास बाबा जी की महिमा का गुणगान अपने गीत संगीत नृत्य एवं वक्तव्य से करेंगे जिसमें प्रत्येक टोली को 501 एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जाएगा।

**इनका रहा विशेष सहयोगः** सतनाम सत ग्रंथ के आयोजन में प्रमुख रूप से घनश्याम कठोत्रे, ज्योति प्रकाश कुर्रे, धन्नू खेलवार, देवादास, अश्ववनी कुर्रे, सुंदरलाल गायकवाड , पुरनसिंह कठोत्रे, करण डहरिया, अश्वनी कुर्रे, राजकुमार मिरी, विनोद गायकवाड, सेवक खेलवार, प्रेम लहरे, तुलसी कुर्रे, बंशीलाल कठोत्रे, रोहित बंजारे, मोतीलाल डहरिया, जुगनू खेलवार, मानसिंह जांगड़े, तलमेंदर कोसले, आसाराम, अशोक कठोत्रे, दयालु, बुद्धि लाल गायकवाड का विशेष सहयोग है।

# केवतरा में शिव महापुराण कथा में उमड़ा श्रद्धा और भक्ति का सैलाब



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

ग्राम केवतरा बाजार चौक लीला मंच में हो रहे शिव महापुराण की कथा में श्रोताओं ने बड़े आनंद से कथा का रस लिया। 27 फरवरी से 3 फरवरी तक यह शिवपुराण महाकथा आयोजित है। कथा वाचक पंडित गिरीश शर्मा छत्तीसगढ़ वाले ने शिव पार्वती की कथा को श्रवण कराए। कथा में पंडित गिरीश शर्मा ने कहा कि उमा महेश्वर स्वयं जगत पिता और जगत माता है। इनके गुण और रूपों की बराबरी ब्रम्हांड के न कोई देवी देवता कर सकते है और नन्ही संसार के कोई नर नारी।

लौकिक आनंद दिलाने के लिए उस जगत पिता ने निर्गुण निरंजन हो करके भी सगुण रूप का दर्शन विवाह के माध्यम से दिखाया। हिमाचल राज की पुत्री बनकर जगत माता पार्वती कहलाई। अजन्मा शिव ने उनसे विवाह कर लोक रीती और श्रुति धर्म का दिग्दर्शन कराया। स्वयं प्रकृति देवी रूपा स्त्री बनकर और स्वयंभू महेश्वर परम पुरुष बनकर संसार के लिए पति पत्नी का विवाह धर्म रूप दिखाए। इस तरह इस धर्म रस्मों में यज्ञ आयोजन कर्त श्री महाकाल परिवार एवं समस्त ग्रामवासी केवतरा दान का धर्म पूरा किए। और दाईज स्वरूप स्वर्ण वस्त्र, बरतन, रुपए, अन्न, आदि शिव चरणों में भेट किए। इस अवसर पर उपस्थित। शिव की बारात निकाली गई जो लोगों को आकर्षण का केंद्र रही वही शिव भक्तों ने झांकी दर्शन का लाभ उठाते हुए विभिन्न भेट की वस्तुएं शिव महापुराण में अर्पण किए।

# महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर निकाली गई जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 78वीं पुण्यतिथि पर (शहीद दिवस) के अवसर पर अंचल भर में नशा मुक्ति अभियान के तहत जागरूकता रैली और कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य नशा मुक्त समाज का संदेश फैलाना था।

इसी कड़ी में भाटापारा विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत टोनाटार में युवा सरपंच एवं सरपंच संघ उपाध्यक्ष विष्णु कोसले के मार्गदर्शन में प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला के छात्र-छात्राओं के द्वारा शिक्षकों एवं पंचायत पदाधिकारियो की उपस्थिति में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 78वीं पुण्यतिथि पर नशा मुक्ति अभियान के तहत नशा मुक्ति रैली निकाली गई। रैली निकालने से पहले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की छायाचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। तत्पश्चात उपस्थित लोगों को सरपंच संघ उपाध्यक्ष विष्णु कोसले ने नशा न करने की शपथ दिलाई गई। सरपंच संघ उपाध्यक्ष विष्णु कोसले ने कहा कि हर साल 30 जनवरी को पूरा भारत देश राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जीवन और विरासत को याद करता है जो देश के स्वतंत्रता संग्राम के मार्गदर्शक थे। इस दिन को शहीद दिवस के रूप में भी मनाया जाता है ताकि उन सभी स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों को श्रद्धांजलि दी जा सके जिन्होंने भारत की स्वतंत्रता और एकता के लिए अपने प्राणों की आहुति।

**ये रहे उपस्थितः** नशा मुक्ति रैली कार्यक्रम में प्रधान पाठक गायत्री कुर्रे, ललिता ध्रुव, पंच रेखा वर्मा, भारत माता वाहिनी महिला समूह के सचिव लक्ष्मी वैष्णव, कोषाध्यक्ष सरस्वती वर्मा, ग्राम कोटवार वेदप्रकाश बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।




## पांच दिवसीय रामायण का शुभारंभ

**हिरमी रावन ।** ग्राम पंचायत मोहरा में नर्मदेश्वर महादेव महिला समिति के तत्वावधान में पांच दिवसीय अखंड रामायण कार्यक्रम का शुभारंभ 1 फरवरी से विधिवत रूप से किया गया। कार्यक्रम का आयोजन पूरे गांव के सहयोग से किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं। कार्यक्रम के प्रथम दिन विधि-विधान से पूजन एवं हवन किया गया। इसके पश्चात रामायण पाठ का शुभारंभ हुआ। गांव की महिलाओं, बुजुर्गों एवं युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए भक्ति भाव से कथा श्रवण किया। आयोजन स्थल पर धार्मिक माहौल देखने को मिला और पूरा वातावरण राममय हो गया। समिति की अध्यक्ष एवं सदस्यों ने बताया कि यह आयोजन 1 से 5 फरवरी तक प्रतिदिन चलेगा। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों में धार्मिक चेतना जागृत करना तथा सामाजिक एकता को मजबूत करना है।आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम में आसपास के गांवों से भी श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।



# बंगोली में हुआ कबीरपंथी माघी पूर्णिमा मेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बंगोली

माघ शुक्ल पक्ष पूर्णिमा पर आयोजित तीन दिवसीय माघी पूर्णिमा कबीर पंथी मेला का आयोजन 1 फरवरी रविवार को संत गुरु घासीदास के समाधि धाम मे संपन्न हुआ। मेले मे कबीरपंथी संतो, आमीन माताओं के द्वारा गीत,संगीत व प्रवचन के माध्यम से सत्य नाम की संकीर्तन हुए। जानकारी से बंगोली मे माघी पूर्णिमा मेले का आयोजन 311 वर्ष से होता आ रहा है। पहले माह भर से मेला भरता था परंतु समयानुसार अब यह मेला तीन दिन का रह गया है। मेले मे आये हुए लोगों के लिये कबीर भोजनालय मे भक्तों, दानदाताओं के द्वारा भोजन प्रसादी रखा गया। वहीं मेला स्थल मे कमल बांधे, संतू खूटे, निर्मल बांधे आदि के सहयोग से परम पूज्य गुरु घासीदास मंदिर जोड़ा जैतखाम मे झंडा चढ़ाया गया। साथ ही श्रद्धा के फूल बालिका पंथी पार्टी बरौंडा द्वारा आकर्षक पंथी नृत्य कर गीत, संगीत के माध्यम से सत्य का संदेश दिया।



**उपभोक्ताओं का किया गया सम्मान**

# सीएसपीडीसीएल के 25 वर्ष पूर्ण होने पर मना रजत महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंद

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (सीएसपीडीसीएल) के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव का आयोजन स्थानीय विद्युत वितरण केंद्र हथबंद में किया गया। यह रजत जयंती समारोह विप्र समाज के अध्यक्ष संतोष दीवान, सद्भावना मंच के अध्यक्ष मुबारक हुसैन एवं पूर्व जनपद सदस्य बेदूराम वर्मा के विशेष आतिथ्य में संपन्न हुआ। समारोह के दौरान शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी विद्युत योजनाओं के अंतर्गत लाभान्वित हितग्राहियों को सम्मानित किया गया।

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत बेदूराम वर्मा, वहीदा मुबारक हुसैन, बाबूलाल शुक्ला एवं लाकेश रूप नारायण वर्मा को सम्मान पत्र प्रदान किया गया। वहीं एकल बत्ती कनेक्शन के लिए पूरन पारधी, कृषक जीवन ज्योति योजना के तहत अर्जुन निषाद एवं सुंदर लाल पाल तथा नियमित रूप से बिजली बिल जमा करने वाले घरेलू उपभोक्ता पवन शेंडे, पूरन ठाकुर एवं चिंता राम साव को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि नरेश अनंत, कनिष्ठ अभियंता मनोज कुमार साहू, कार्यालय सहायक राकेश कुमार देवांगन, तकनीशियन खिलेश्वर वर्मा, लाइनमैन देवादास भारती, विद्युत ठेकेदार टिकेंद्र कुमार साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी, विद्युत विभाग का स्टाफ एवं उपभोक्ता गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से विद्युत विभाग द्वारा उपभोक्ताओं को योजनाओं की जानकारी देते हुए समय पर बिजली बिल भुगतान हेतु जागरूक किया गया।



